रोजगार सृजन के लिए 1.54 लाख करोड़

लखनऊ, विशेष संवाददाता। लोकसभा चुनाव से पहले पेश 2024-25 के बजट में प्रदेश सरकार ने सबसे अधिक धनराशि रोजगार सृजन से जुड़ी परिसंपत्तियों के लिए दी है। एक लाख 54 हजार 747 करोड़ रुपये की भारी भरकम धनराशि इस मद में दी गई है। वहीं अवस्थापना विकास के मद में प्रदेश सरकार ने कुल बजट का 25 फीसदी आवंटित कर दिया है। यह आवंटन पिछले साल के मुकाबले एक फीसदी अधिक है। बजट में अवस्थापना विकास की योजनाओं को एक लाख 69 हजार 446 करोड़ 60 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान किया गया है।

अवस्थापना विकास के तहत सबसे अधिक 57 हजार 70 करोड़ 77 लाख रुपये ऊर्जा क्षेत्र को दिए गए हैं। सिंचाई क्षेत्र के लिए 20 हजार 831 करोड़ 59 लाख रुपये, भारी एवं मध्यम उद्योग क्षेत्र के लिए 21 हजार 54 करोड़ 41 लाख रुपये, नगर विकास विभाग के लिए 25 हजार 698 करोड़ 28 लाख रुपये, आवास तथा शहरी नियोजन के लिए सात हजार 158 करोड़ 67 लाख तथा नागरिक उड्डयन को 27 हजार 74 करोड़ 60 लाख आवंटित हुए हैं।

किस मद में कितना बजट



2023-24 से 46195 करोड़ अधिक का बजट

सोमवार को पेश 2024-25 का बजट चालू वित्तीय वित्तीय वर्ष 2023-24 से 46 हजार 195 करोड़ 28 लाख रुपये अधिक है। पिछले साल के मुकाबले 6.7 फीसदी अधिक राशि का बजट प्रस्तुत किया गया है। 2023-24 के बजट का आकार 6 लाख 90 हजार 242 करोड़ 43 लाख अनुमानित था।